भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भा.ख.वि.), धनबाद

हिन्दी पखवाड़ा - 23 /भा.प्र.सं(भा.ख.वि.)/2023 दिनांक : 12 सितंबर 2023

सूचना

हिन्दी पखवाड़ा 2023 का आयोजन

1. शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार राजभाषा नीति के अनुपालन के क्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भा. ख. वि.), धनबाद में सितंबर माह में दिनांक 14-29 सितम्बर 2023 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान संस्थान के शिक्षकों/अधिकारियों एवं स्टाफ तथा छात्रों के लिए हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी । पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का विवरण निमन्वत है :-

क्र॰ सं॰	दिनांक एवं समय	प्रतियोगिता/कार्यक्रम	स्थान	अभियुक्ति
(i)	19/09/2023 सायं 4.00 बजे मंगलवार	उद्घाटन समारोह माननीय निदेशक महोदय द्वारा	मैनेजमेंट हाल	अनुरोध है कि सभी शिक्षक गण/अधिकारी/कर्मचारी गण उद्घाटन समारोह में अवश्य पधारें ।
(ii)	20/09/2023 बुधवार सायं 4:00 बजे	हिन्दी काव्य पाठ	सम्मेलन कक्ष, प्रशासनिक भवन	हिन्दी एवं हिन्दीत्तर भाषी दोनों वर्गों के कर्मचारियों के लिए
	20/09/2023 बुधवार सायं 5:00 बजे	हिन्दी काव्य पाठ		हिन्दी एवं हिन्दीत्तर भाषी दोनों वर्गों के शिक्षक/अधिकारीगण के लिए
(iii)	21/09/2023 बृहस्पतिवार सायं 5:00 बजे	राजभाषा नीति ज्ञान संबंधी प्रतियोगिता	सम्मेलन कक्ष, प्रशासनिक भवन	1. हिन्दी एवं हिन्दीतर भाषी दोनों वर्गों के कर्मचारी एवं अधिकारियों के लिए 2. हिन्दी एवं हिंदीतर भाषी दोनों वर्गों के शिक्षक एवं अधिकारियों के लिए
(iv)	22/09/2023 शुक्रवार सायं 4:00 बजे	हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन	सम्मेलन कक्ष, प्रशासनिक भवन	हिन्दी एवं हिन्दीतर भाषी दोनों वर्गों के कर्मचारियों के लिए
(v)	26/09/2023 सायं 5:00 बजे मंगलवार	निबंध लेखन विषय- वर्तमान भारत : भविष्य का विश्व गुरु	एनएलएचसी (NLHC) भूतल	सभी छात्र - छात्राओं (शोध छात्र सहित) के लिए
(vi)	29/09/2023 शुक्रवार सायं 4:30 बजे	समापन समारोह	जीजेएलटी	

3. विभिन्न प्रतियोगताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागियों को क्रमश: प्रथम पुरस्कार के रूप में 3000/-, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2000/- तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 1000/- की धनराशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा ।

4. आठ या इससे अधिक प्रतियोगियों के हिस्सा लेने पर उस प्रतियोगिता विशेष के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिये जाएँगे और यदि किसी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की संख्या केवल पाँच होती है तो उस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को केवल प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार ही प्रदान किए जाएँगे। निर्णायक मण्डल के सदस्य भी उस प्रतियोगिता को छोड़कर जिसमें वें निर्णायक की भूमिका में हैं, अपनी श्रेणी की अन्य प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं।

...2/-



5. उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले इच्छुक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, एवं छात्र-छात्राएं संलग्न गूगल फॉर्म में अपना विवरण 17.09.2023 तक अवश्य भरें । प्रतिभागी अपना विवरण मेल के माध्यम से भी ho@iitism.ac.in में भेज सकते हैं ।

6. हिन्दी प्रतियोगिताओं के संदर्भ में स्पष्टीकरण (यदि कोई हो) के लिए श्री बृजेश कुमार पाण्डेय, सहायक कुलसचिव से संपर्क किया जा सकता है।

7. संस्थान के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे इस अवधि के दौरान अपना अधिक से अधिक कार्यालयी कार्य हिन्दी में करें और इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।



(प्रो. संजीव आनंद साहू)
सह अधिष्ठाता - राजभाषा कार्यान्वयन

<u>प्रतिलिपि प्रेषित :</u>

1. निदेशक सचिवालय / उपनिदेशक सचिवालय - सादर सूचनार्थ
2. सभी अधिष्ठाता गण/ सह अधिष्ठाता गण / विभागाध्यक्ष/ कुलसचिव
3. हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य गण
4. सभी शिक्षकगण/अधिकारीगण/कर्मचारी/छात्र - ई मेल के माध्यम से
5. वेब मास्टर- कृपया इसे आईआईटी (आईएसएम), धनबाद वेब साइट के मुख्य पृष्ट पर स्क्रोलिंग आइटम के रूप में अप लोड करें।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भा.ख.वि.), धनबाद

हिन्दी पखवाड़ा - 23 /भा.प्र.सं(भा.ख.वि.)/2023 दिनांक : 12 सितंबर 2023

हिन्दी पखवाड़ा 2023 : प्रोत्साहन योजना

1. भारत सरकार के गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के आदेशों के अनुपालन के क्रम में संस्थान परिसर में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 14 - 29 सितंबर 2023 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र सरकार के आदेशों के तहत पूरे वर्ष के दौरान संस्थान के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिन्दी में किए गए कार्यों के आधार पर उन्हें पुरस्कृत करने के लिए प्रोत्साहन योजना लागू कि गई है जिनका ब्यौरा निमन्वत है :-

2. प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सरकारी कामकाज में मूल रूप से टिप्पणी एवं प्रारूप तैयार करने के अलावा हिन्दी में किए गए अन्य कार्यों, जिनका सत्यापन किया जा सके - रजिस्टर में इंदराज (एंट्री करना) सूची तैयार करना, लेखा का काम आदि भी शामिल हैं। पुरस्कार का विवरण इस प्रकार है :-

व्यक्तिगत पुरस्कार (प्रत्येक रू० 1000/-) पुरस्कार की कुल संख्या -07

3. उपर्युक्त प्रोत्साहन योजना से संबंधित पुरस्कारों के लिए सभी विभागों/ अनुभागों के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि 01 सितंबर 2022 से 31 अगस्त 2023 तक की अवधि में उनके द्वारा हिन्दी में किए गए विभिन्न कार्यों का विवरण 20 सितंबर 2023 तक सहायक कुलसचिव (राजभाषा) को भेजें ताकि उनकी जांच के बाद पुरस्कारों का निर्धारण किया जा सके।

(प्रो. संजीव आनंद साहू)
सह अधिष्ठाता - राजभाषा कार्यान्वयन

प्रतिलिपि प्रेषित :

1. निदेशक सचिवालय / उपनिदेशक - सादर सूचनार्थ
2. सभी अधिष्ठाता गण/ सह अधिष्ठाता गण / विभागाध्यक्ष/ कुलसचिव
3. सभी कर्मचारी गण